**प्रेस विज्ञप्ति**

**18.10.2024**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नई दिल्ली ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और अन्य के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत विभिन्न न्यासों (ट्रस्टों), कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के लाभकारी स्वामित्व और नियंत्रण वाली **35.43 करोड़ रुपये मूल्य** की **19** अचल परिसंपत्तियों को 16.10.2024 को कुर्क की है और **21.13 करोड़ रुपये** मूल्य की **16** अचल परिसंपत्तियों को 16.04.2024 को (**56.56 करोड़ रुपये मूल्य की** कुल **35** अचल परिसंपत्तियां) कुर्क की है।

ईडी ने राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी(एनआईए), दिल्ली और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा दर्ज विभिन्न प्रथमीकियों के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ जांच शुरू की।

जांच से पता चला कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता भारत भर में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने और वित्तपोषण करने के लिए बैंकिंग चैनलों, हवाला, दान आदि के माध्यम से भारत और विदेशों से धन जुटाने/एकत्र करने की साजिश कर रहे थे।

**अपराध से प्राप्त आय की मात्रा:** पीएफआई द्वारा विधिविरुद्ध साधनों का उपयोग करके भारत और विदेशों से जुटाई गई राशि केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, जम्मू और कश्मीर तथा मणिपुर में स्थित पीएफआई के देस भर के 29 बैंक खातों में जमा की गई। पीएफआई द्वारा विधिविरुद्ध साधनों और नकली दानकर्ताओं के माध्यम से नकद या बैंक खाते के जरिए एकत्र की गई राशि अपराध की आय योग्य है, जो **94 करोड़ रुपये है** ।

अब तक पीएफआई के 26 सदस्यों और कार्यकर्ताओं को ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया है और फरवरी 2021 से मई 2024 की अवधि में 9 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गई हैं। ईडी द्वारा गिरफ्तार पीएफआई सदस्यों की सूची इस प्रकार है -

| क्रम सं. | नाम | गिरफ्तारी की तारीख | पदनाम/धारित पद |
|---|---|---|---|
| 1 | के.ए. रऊफ शेरिफ | 12.12.2020 | कैम्पस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) के राष्ट्रीय महासचिव |
| 2 | अब्दुल रजाक बी.पी. | 10.03.2022 | मंडल अध्यक्ष, पेरंबदाप्पु मंडल, केरल |
| 3 | अशरफ एमके | 12.04.2022 | पीएफआई केरल इकाई की राज्य कार्यकारी परिषद (एसईसी) के सदस्य। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | शफीक पैयेथ | 22.09.2022 | कतर स्थित एक पीएफआई सदस्य। |
| 5 | परवेज़ अहमद | 22.09.2022 | अध्यक्ष, पीएफआई, दिल्ली राज्य. |
| 6 | मो. इलियास | 22.09.2022 | सचिव, पीएफआई, दिल्ली राज्य |
| 7 | अब्दुल मुकीत | 22.09.2022 | कार्यालय सचिव, पीएफआई, दिल्ली राज्य |
| 8 | साहुल हमीद | 07.06.2023 | सिंगापुर से भारत तक पीएफआई के लिए हवाला का कारोबार करने वाला एक पीएफआई सदस्य। |
| 9 | केएसएम इब्राहिम उर्फ असगर | 23.08.2023 | एक पीएफआई सदस्य, जो धर्मांतरण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अरिवागम मदरसा को चलाने वाले न्यास का सचिव और अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता था। |
| 10 | पी कोया | 05.12.2023 | पीएफआई की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद (एनईसी) का सदस्य |
| 11 | अब्दुल वाहिद सैत | 05.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य |
| 12 | मोहम्मद अली जिन्ना | 05.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य और पीएफआई का राष्ट्रीय महासचिव। |
| 13 | ओमा सलाम | 05.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य एवं पीएफआई का अध्यक्ष। |
| 14 | नज़रुदीन वी.पी. | 05.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य एवं पीएफआई का राष्ट्रीय सचिव। |
| 15 | मोहम्मद बशीर सी.पी. | 17.12.2023 | पीएफआई केरल का राज्य अध्यक्ष. |
| 16 | अनीस अहमद | 21.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य |
| 17 | ई.एम. अब्दुल रहमान | 21.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य |
| 18 | अफसर पाशा | 21.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य |
| 19 | मोहम्मद शाकिफ | 21.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य |
| 20 | ए.एस. इस्माइल | 21.12.2023 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य |
| 21 | ए मोहम्मद यूसुफ | 11.01.2024 | पीएफआई की एनईसी का सदस्य |
| 22 | अब्दुल खादर पुत्तूर | 19.03.2024 | शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक जो पीएफआई के सदस्यों/कार्यकर्ताओं को हथियार प्रशिक्षण दे रहे थे। |
| 23 | अंशद बद्रुदीन | 18.03.2024 | |
| 24 | फिरोज के | 18.03.2024 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 | ई अबूबकर | 01.05.2024 | पीएफआई, एसडीपीआई और आरआईएफ के पूर्व अध्यक्ष और एनईसी सदस्य |
| 26 | शफीर के.पी. | 01.05.2024 | पीएफआई का लेखाकार |

**विदेशों में पीएफआई की मौजूदगी** : जांच से पता चला है कि सिंगापुर और खाड़ी देशों जैसे कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में पीएफआई के 13,000 से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। खाड़ी देशों में रहने वाले प्रवासी मुस्लिमों के लिए पीएफआई ने सुपरिभाषित जिला कार्यकारी समितियों (डीईसी) का गठन किया है, जिन्हें धन संग्रह का काम सौंपा गया है। प्रत्येक डीईसी को धन संग्रह के लिए कई करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था। विदेशों से जुटाए गए धन को सर्किटनुमा बैंकिंग चैनलों के साथ-साथ भूमिगत हवाला चैनलों के माध्यम से भारत में स्थानांतरित किया गया ताकि उनके मूल का पता न लगाया जा सके और उसके बाद पीएफआई और उसके पदाधिकारियों को उनकी आतंकवादी और विधिविरुद्ध गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए सौंप दिया गया।

**पीएफआई के वास्तविक उद्देश्य** : जांच से पता चला है कि पीएफआई के वास्तविक उद्देश्य इसके संविधान में बताए गए उद्देश्यों से अलग हैं। पीएफआई के वास्तविक उद्देश्यों में **जिहाद के माध्यम से भारत में इस्लामी आंदोलन चलाने के लिए एक संगठन का गठन करना शामिल है, हालांकि पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करता है। पीएफआई विरोध के अहिंसक तरीकों का इस्तेमाल करने का दावा करता है, लेकिन साक्ष्यों से पता चलता है कि उनके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले विरोध के तरीके हिंसक प्रकृति के हैं। जांच के दौरान उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए** विरोध के कुछ तरीकों की व्याख्या निम्नानुसार है:

- **समाज में अशांति और संघर्ष पैदा करके गृहयुद्ध की तैयारी की पहल:** इसमें अहिंसक हवाई हमले, गुरिल्ला थियेटर , वैकल्पिक संचार प्रणाली आदि शामिल हैं।
- **क्रूरता और दमन के तरीके** : इसमें अधिकारियों को भयभीत करना, अधिकारियों को ताना मारना, भाईचारा, छद्म अन्त्येष्टि, निषेधाज्ञा, लिसिस्ट्रेटिक नॉन-एक्शन ( लिसिस्ट्रेटिक नॉन-एक्शन का अर्थ है कुछ प्राप्त करने के उद्देश्य से यौन-क्रिया का निषेध करना) आदि शामिल हैं।
- **राष्ट्र की एकता और संप्रभुता को कमजोर करने के लिए अपनाए गए तरीके:** इसमें कानूनों की सविनय अवज्ञा, दोहरी संप्रभुता और समानांतर सरकार, गुप्त एजेंटों की पहचान का खुलासा करना शामिल है।
- **आर्थिक खतरा :** इसमें राजनीतिक रूप से प्रेरित जालसाजी, प्रतिघातक खरीद, अहिंसक भूमि अधिग्रहण, परिसंपत्तियों की जब्ती, चयनात्मक प्रश्रयण, अपमूल्यन आदि की रणनीति का उपयोग करना शामिल है।

**शारीरिक शिक्षा (पीई) कक्षाओं का दिखावा** : पीएफआई शारीरिक शिक्षा (पीई) कक्षाओं की आड़ में विभिन्न प्रकार के आघात, घूंसे, पदाघात, चाकू और डंडे के उपयोग से आक्रामक और रक्षात्मक युद्धाभ्यास सिखाने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण दे रहा था। ये कक्षाएं छद्म मालिकों के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों पर चलाई जाती थीं। दिलचस्प बात यह है कि पीएफआई के पास अपने नाम पर एक भी संपत्ति पंजीकृत नहीं है।

पीई कक्षाओं की आड़ में हथियारों का प्रशिक्षण देने का ऐसा ही एक मामला 2013 में नारथ आर्म्स कैंप का था, जिसमें पीएफआई अपने कार्यकर्ताओं को कन्नूर जिले के नारथ में एक हथियार शिविर में विस्फोटकों और हथियारों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दे रहा था। इसका उद्देश्य विभिन्न धर्मों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और कार्यकर्ताओं को आतंकवादी गतिविधियों के लिए तैयार करना था।

यूनिटी हाउस, पीएफआई केरल राज्य कार्यालय, कोझिकोड में तलाशी के दौरान पीई कक्षाओं और पीएफआई के जिहादी एजेंडे से संबंधित अपराध-संकेती साक्ष्यों की बरामदगी की गई जिसका एक स्क्रीनशॉट निम्नानुसार है:

**Beginners Course Program Schedule**

| | | |
|---|---|---|
| **Day-1** | **Forenoon session** | |
| | 10.00 - 10.30 | Registration |
| | 10.30 - 10.35 | Prayer |
| | 10.35 - 10.55 | Preface |
| | 10.55 - 11.05 | Direction |
| | 11.05 - 11.25 | Ice Break (Pine Apple show) |
| | 11.25 - 12.15 | **Subject: 1 La Ilaha Illallah** |
| | 12.15 - 12.30 | SAT |
| | 12.30 - 02.00 | Break |
| **Afternoon session** | | |
| | 02.00 - 02.15 | Group formations |
| | 02.15 - 02.30 | Self Introduction |
| | 02.30 - 02.45 | Duty Distribution |
| | 02.45 - 03.45 | **Subject: 2 Fascism - Video & Explanation** |
| | 03.45 - 04.30 | Break |
| | 04.30 - 05.00 | **Subject: 3 Importance of Physical Education** |
| | 05.00 - 06.15 | PE: Stay fit and exercises |
| **Forenoon session** | | |
| | 10.30 - 10.40 | News Reading |
| | 10.40 – 10.55 | Evaluation of Group |
| | 10.55 – 11.00 | Duty change |
| | 11.00 - 11.50 | **Subject: 6 Jihad and Shahadath** |
| | 11.50 - 12.30 | **Skill: 1 Writing** |
| | 12.30 - 02.00 | Break |
| | 12.30 - 02.00 | Personal Mulaqath |

यूनिटी हाउस, पीएफआई केरल राज्य कार्यालय में तलाशी के दौरान बेसिक कोर्स में दिए गए प्रशिक्षण का स्क्रीनशॉट बरामद किया गया, जिसमें उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए हिंसक तरीकों को दिखाया गया है:

**Basic**

**Warming**
- Pranayamam
- Heel up & Down, Ankle up & down, Rotation
- Bytex (Squatting)
- Pumbing heel
- Knee Chest touch & Rotation
- Hip-Rotation
- Front touch, Back bend
- Hip side bend
- Back twist
- Chest open
- Finger tight, wrist up&down, rotation, hand up & down
- Sholder rotation, hand rotation
- Neck up & down, rotation
- Eye rotation

**Slow jumping** (5 type normal)

**Body stretching exercise**
- Side stretching
- Side sit up
- All round rotation
- Head knee touch
- Front touch, back touch, Heel touch & Back bend
- Full body rotation

**Leg rising**
Leg straight, out side, Inside, Side, Back

**Push up**
Open-10, Knickle-10, Five finger-5
**Punch** (4)
- single, double, triple, five

**Block** (5)
Upper, Out, Inn, Lower, Full body (Inn & Out)
**Kick** (4)
- Front, Side, Snap, Back

**Trust** (2)
- Open- (Single & Double)

**Elbow**
- 4 Step

**Chop** (2)
- Front, Reverse

**Hammer**
- hammer fist, hammer Punch

അടിതട
1) നിലയിൽ ഒറ്റ തട
2) കയറി-ഇറങ്ങി ഒറ്റ തട
3) ത്രീ സ്റ്റപ്പ് അടിതട

**Kick & Block**

**Attacks**
- Block & Punch
- Block, Kick & Hammer fist
- Block hand beat, hand beat, kick
- Three elbows
- Tiger catch & throw
- Kick- left leg to right L-shape & Block and Kick

**Attacks**
1. Left leg forward - left hand block and right hand punch ( at one time)
2. Left leg front kick left hand block and reverse punch
3. Back bend kick with right leg and thrust both hands
4. Left hand block and right lower kick right hand hammer fist to nose ( at one time)
5. Eagle block and lower kick, side forehead attack (yellow dragon)
6. Left hand Block and attack cheek, rigt hand attack to other side with right leg lower kick
7. Left leg cross forward left hand block and beat to face right leg turn kick
8. Right leg forward kiba stands right hand thigh elbow standing up chest & face elbow

**Locks** - Chevidadappen
**Knife Lock & Defense**
- Right leg backward to left side left hand cutting block catch the hand and lower front kick
- Skipping left leg to left side left hand open block right hand punch to rib moving forward right leg and right hand shooto movingforward left leg to scoop up leg & kick

**Knife Attack**
- Left hand upper block and knife handle attack to stomach cut the ankle nerve.
- Right leg moving forward Left hand block knife attack to upper thigh

**Small Stick Defense**
- Turn and kneel , left hand upper block right hand lower punch at the time standing with chin punch.
- Left hand pushing down block right leg moving forward right open block & catchig th neck pull back to down

**Small Stick Attack**
- Attack to ankle and Side forehead
- Attack to head pull the stick attack to chest

**Koduvall**

**Chottachan - I**

**Sword steps ( 4 side)**

**Abdominal Exercise**
- Moving knee touch
- Leg Up & Down
- Leg Bend & Straight

उपरोक्त के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पीएफआई अपने कार्यकर्ताओं को घूंसे, पदाघात, आघात तथा चाकू, डंडा, दरांती, तलवार आदि जैसे हथियारों का उपयोग कर हमले करने के लिए गहन हिंसक प्रशिक्षण दे रहा था।

**अपराध से प्राप्त आय का विधिविरुद्ध गतिविधियों में उपयोग** : जांच से यह भी पता चला है कि पीएफआई धन का उपयोग लगातार विधिविरुद्ध गतिविधियों के लिए कर रहा था। पीएफआई के सदस्य निम्नलिखित में सक्रिय रूप से शामिल थे:

- फरवरी 2020 के दिल्ली दंगा में हिंसा भड़काना और अशांति फैलाना;
- पीएफआई/सीएफआई सदस्यों ने सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने, सांप्रदायिक दंगे भड़काने और आतंक फैलाने के इरादे से हाथरस का दौरा किया;
- आतंकवादी गिरोह बनाने की योजना - राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को कमजोर करने और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के इरादे से महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों पर हमले करने के लिए घातक हथियारों और विस्फोटक उपकरणों का संग्रह;
- दिनांक 12.07.2022 को माननीय प्रधानमंत्री की पटना यात्रा के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने के इरादे से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करना;
- राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करने की क्षमता रखने वाले आपत्तिजनक साहित्य को तैयार करना, छापना और रखना।

**जब्त संपत्तियों का विवरण** : विस्तृत जांच से पता चला है कि पीएफआई कई न्यासों (ट्रस्टों), व्यक्तियों और कंपनियों के नाम पर खरीदी गई विभिन्न संपत्तियों का लाभकारी स्वामी और नियंत्रक है। ऐसी संपत्तियों की सूची पीएफआई द्वारा उनके कार्यालय में अनुरक्षित थी और तलाशी के दौरान उसे जब्त कर लिया गया। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित न्यासों (ट्रस्टों)/व्यक्तियों के नाम पर पीएफआई द्वारा बनाई गई **56.56 करोड़ रुपये मूल्य की 35 अचल संपत्तियां ईडी द्वारा जब्त की गई हैं**:

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>मालिक /न्यास (ट्रस्ट) / कंपनी / व्यक्ति का नाम जिसके नाम पर अचल संपत्ति पंजीकृत है</th><th>पता</th><th>लाभकारी स्वामित्व वाली संपत्ति की प्रकृति और उपयोग</th></tr>
<tr><td>1</td><td rowspan="5">सत्य सारणी एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट</td><td>मंजेरी, मलप्पुरम</td><td rowspan="3">संपत्ति पर एक भवन बना हुआ है, जिसमें शैक्षणिक संस्थान के नाम पर धर्मांतरण केंद्र चलाया जा रहा है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>मंजेरी, मलप्पुरम</td></tr>
<tr><td>3</td><td>मंजेरी, मलप्पुरम</td></tr>
<tr><td>4</td><td>मंजेरी, मलप्पुरम</td><td>कथित दानकर्ता द्वारा सत्य सारिणी को भूमि उपहार में दी गई।</td></tr>
<tr><td>5</td><td>मोंगल, मलप्पुरम</td><td>इस संपत्ति पर पीएफआई के उपयोग के लिए एक कथित दाता द्वारा उपहार स्वरूप दी गई भूमि पर मकान का निर्माण किया गया है।</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | | मलप्पुरम | कथित दानकर्ता द्वारा सत्य सारिणी को भूमि उपहार में दी गई। |
| 7 | | मलप्पुरम | कथित दानकर्ता द्वारा सत्य सारिणी को भूमि उपहार में दी गई। |
| 8 | ओबिलिस्क प्रॉपर्टीज एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड | मीनचंदा, कोझिकोड, केरल | पीएफआई का मुख्यालय इस भवन (यूनिटी हाउस) में स्थित है, जहां सभी प्रशासनिक और वित्तीय कार्य किए जाते थे और विधिविरुद्ध गतिविधियों की योजनाएं तैयार की जाती थीं। |
| 9 | अब्जेक्टिव स्टडी इंस्टिट्यूट | मीनचंदा, कोझिकोड, केरल | |
| 10 | बशीर टी और अब्दुल सलाम टीपी | मीनाचंदा, कोझिकोड | दूरदराज के इलाकों में खरीदी गई गीली भूमि। |
| 11 | आश्रयम चैरिटेबल ट्रस्ट | मुन्नार देसम, कोझिकोड | इस न्यास (ट्रस्ट) के अंतर्गत पंजीकृत भूमि। |
| 12 | हिल वैली चैरिटेबल ट्रस्ट | मुरिकास्सेरी गांव, इडुक्की | पीएफआई फंड के जरिए कम मूल्यांकित भूमि पर मकान बनाए जाते हैं। |
| 13 | वट्टमकुंड चैरिटेबल ट्रस्ट | थामारास्सेरी, कोझिकोड | न्यासियों (ट्रस्टियों) द्वारा दान में दी गई भूमि। |
| 14 | प्रतीक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट-नादापुरम | वरक्कारा, कोझिकोड | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 15 | मिराज वेलफेयर ट्रस्ट | मलप्पुरम, | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 16 | पनामारम इस्लामिक चैरिटेबल ट्रस्ट | मनंतवाडी, वायनाड | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 17 | करुण्या फाउंडेशन ट्रस्ट | करूनागापल्ली, कोल्लम | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 18 | करुणा एजुकेशन एंड सोशल चैरिटेबल ट्रस्ट | कोझिकोड, केरल | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 19 | सहृदय चैरिटेबल ट्रस्ट | कोझिकोड, केरल | पीएफआई और उससे जुड़े/संबंधित/फ्रंटल संगठनों से संबंधित विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही थीं। |
| 20 | रहमत एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट | मलप्पुरम, केरल | न्यासियों (ट्रस्टियों) द्वारा दान में दी गई भूमि। |
| 21 | | | |
| 22 | | | |
| 23 | कम्यूनिटी डेवलपमेंट सेंटर | मलप्पुरम, केरल | पीएफआई से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उपयोग किया जाता है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24 | सेवना चैरिटेबल फाउंडेशन | मलप्पुरम, केरल | पीएफआई से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उपयोग किया जाता है |
| 25 | एक्सेस एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट | मलप्पुरम, केरल | पीएफआई द्वारा लाभकारी स्वामित्व |
| 26 | इस्लामिक कल्चरल ट्रस्ट (आईसीएफ) | चावक्कड़, त्रिशूर | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 27 | कम्यूनिटी केयर फाउंडेशन (सीसीएफ) | एडाप्पल्ली, केरल | पीएफआई और उससे जुड़े/संबंधित/फ्रंटल संगठनों से संबंधित विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही थीं। |
| 28 | फाउंडेशन फॉर एडवांस्ड सोशल थॉट पाला | कोट्टायम, केरल | पीएफआई न्यासियों (ट्रस्टियों) के लिए बैठक स्थल |
| 29 | नन्मा चैरिटेबल ट्रस्ट | पलक्कड़, केरल | पीएफआई न्यासियों (ट्रस्टियों) के लिए बैठक स्थल |
| 30 | पीस वैली कल्चरल ट्रस्ट | पय्यप्पड़, केरल | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 31 | | थलनाडु, केरल | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 32 | हिदायतुल इस्लाम सभा/पीस वैली कल्चरल ट्रस्ट | कोट्टायम, केरल | पीएफआई कार्यकर्ताओं के लिए बैठक स्थल |
| 33 | ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट | कार्यवत्तम, केरल | पीएफआई और उससे जुड़े/संबंधित/फ्रंटल संगठनों से संबंधित विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही थीं। |
| 34<br>35 | हेक्ता प्रॉपर्टीज एंड डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | कोझिकोड, केरल | पीएफआई की लाभकारी स्वामित्व वाली कंपनी तथा जिसमें पीएफआई ने अपना धन जमा कर रखा है। |

इससे पहले भी ईडी ने पीएफआई और उससे संबंधित संगठनों/न्यासों (ट्रस्टों)/व्यक्तियों की 5.16 करोड़ रुपये की कई संपत्तियां जब्त की हैं। विवरण इस प्रकार है:

| **क्र. सं.** | **ईडी द्वारा कुर्क की गई संपत्ति का विवरण** | **राशि (रु . में)** |
|---|---|---|
| 1. | पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 23 बैंक खाते | 63,85,936 |
| 2. | रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ) के 7 बैंक खाते | 8,21,846 |
| 3. | पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का 1 बैंक खाता | 22,57,856 |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | मुन्नार विला विस्टा प्राइवेट लिमिटेड (एमवीवीपीएल) की 16 अचल संपत्तियां | 2,53,22,402 |
| 5. | मल्टीफ्लोर बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड (एमबीपीएल) के 15 बैंक खाते | 1,19,81,250 |
| 6. | के.ए रऊफ शरीफ (ईडी द्वारा गिरफ्तार) के 3 बैंक खाते और 2 अचल संपत्तियां | 48,03,126 |
| | **कुल** | **5,15,72,416** |

इस प्रकार, इस मामले में कुल कुर्क राशि **61.72 करोड़ रुपये है।**

आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।

*****